# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 01.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने चाईबासा में संक्रमित खून चढ़ाने के मामले के बाद किया राज्य के कई ब्लड बैंकों का निरीक्षण, बेहतर जांच के लिए नये उपकरण खरीदने का दिया निर्देश।
- जनजातीय गौरव दिवस को भव्य बनाने के लिए भाजपा की तैयारी तेज, प्रदेश स्तर पर कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन।
- हजारीबाग पुलिस ने केरेडारी में हुए डेढ़ करोड़ की चोरी का किया खुलासा, सात आरोपी गिरफ्तार, गहने और मोबाइल बरामद।
- राज्य में मोंथा चक्रवात पड़ा कमजोर, कल से मौसम रहेगा साफ, लगातार हुई बारिश से रामगढ़ सहित कई जिलों के किसानों को नुकसान।
- जेएससीए स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी में झारखंड और नागालैंड के बीच कड़ा मुकाबला, झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर अब तक 91 रन बनाए। ।

***************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रिम्स के ब्लड बैंक समेत विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को जो खून चढ़ाया जाए वो पूरी तरह सुरक्षित रहे इसे सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गये हैं।

वहीं, स्वास्थ्य मंत्री ने आज हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने राज्य भर के ब्लड बैंक को हाईटेक करने की बात कही।

***************

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को भव्य तरीके से मनाने को लेकर बीजेपी ने झारखंड सहित देशभर में गांव से लेकर प्रदेश स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है. प्रदेश भाजपा ने दुमका, रांची और खूंटी में वृहत कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसमें कई केंद्रीय नेताओं के साथ प्रदेश स्तर के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे. भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनजाति गौरव दिवस पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई. जिसमें बीजेपी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू सहित बड़ी संख्या में नेता–कार्यकर्ता शामिल हुए।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को प्राप्त तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रशंसा योग्य हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस तरह के बड़े आंदोलन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं और देश की नारी शक्ति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। इसमें एक महीने में हेल्थ केयर प्लेटफॉर्म के लिए सबसे ज़्यादा 3 करोड़ 21 लाख लोगों का रजिस्टर होना भी शामिल है।

***************

उपराजधानी दुमका के सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोगों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए आज मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की गयी है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने समाहरणालय परिसर से इस मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के दूरदराज़ इलाकों में रहने वाले लोगों को अब प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

***************

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने आज कहा कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र देश के सॉफ्ट पावर के रूप में तेज़ी से प्रगति कर रहा है। हैदराबाद में इंडियाजॉय 2025 कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वेव्स पहल का उद्देश्य दुनिया भर के रचनाकारों, नव प्रवर्तकों और उद्योगों को जोड़ना है, जिससे रचनात्मक सहयोग के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मज़बूत होगी। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रचनात्मक और डिजिटल क्षेत्र में भारत को विश्व में अग्रणी बनाने के दूरदर्शी प्रयास को भी याद किया।

***************

केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह और विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 के अवसर पर संयुक्त रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जे.एन. कॉलेज, धुर्वा में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और सेमिनार का समापन आज हुआ।

***************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। आइए जानते हैं कि इन सुधारों से तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिल रहा है।

***************

हजारीबाग जिले की केरेडारी थाना पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये की चोरी का सनसनीखेज मामला सुलझा लिया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि इस चोरीकांड में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर सोना–चांदी के गहने, मोटरसाइकिल और सात मोबाइल फोन बरामद किया है।

***************

नगर निकाय चुनाव को लेकर धनबाद जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज पॉलिटेक्निक कॉलेज और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने दोनों परिसरों का जायजा लेते हुए वहां की सुरक्षा, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, मतदान कर्मियों के ठहराव और सफाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की।

***************

हजारीबाग जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

चक्रवात मोंथा के असर के कारण लगातार हुई बारिश की वजह से खेतों में लगी फसल क्षतिग्रस्त हो गई। रामगढ़ सहित कई जिलों के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान मोंथा कमजोर पड़ गया है।

***************

रांची स्थित जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी में झारखंड और नागालैंड के बीच मुकाबला जारी है। झारखंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट खोकर 31 ओवरों में 91 रन बनाए थे। बता दें कि नागालैंड ने टॉस जीतकर पहले फीलिंड करना चुना था।

***************

झारखंड स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के तहत जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स जमशेदपुर में आयोजित हुए थर्ड यासीन उस्ताद सीनियर पुरूष स्टेट हैंडबॉल चैंपियनशिप में रांची ने टाटा स्टील को 15–09 और लोहरदगा जिला टीम को 18– 10 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिसका मुकाबला कल ग्रुप डी के रनर टीम से होगा।

*******समाप्त********